भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 965

गुरुवार, 27 जून, 2019/6 आषाढ़, 1941 (शक)

एनएच 31 का निर्माण

965. श्रीमती अन्नपुर्णा देवीः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बरही (झारखंड) और रजौली (बिहार) के बीच भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा चार वर्ष पहले राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) संख्या 31 का निर्माण शुरू किया गया था;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त सड़क का निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है; और

(ग) क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य तय समय-सीमा में पूरा करना सुनिश्चित करेगी तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग): रारा-31 के बरही-रजौली खंड की कुल लंबाई लगभग 47.40 किलोमीटर है। परियोजना खंड को दो पैकेजों में विभाजित किया गया है।

पैकेज-I अर्थात रारा-31 के 27.50 किमी के बरही से कोडरमा खंड को पहले ही फरवरी, 2019 में सौंपा जा चुका है।

पैकेज- II अर्थात 20.00 किमी के कोडरमा से रजौली खंड को अपेक्षित पूर्व-निर्माण गतिविधियों और वन्य जीव मंजूरी ना मिलने के कारण सौंपा नहीं गया है।

*****